आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को करेंगे संबोधित।
- चीनी की जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए सरकार का बड़ा कदम, व्यापारियों की भंडारण सीमा चार हजार से घटाकर दो हजार क्विंटल की गई।
- केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की पहल से धान की उत्पादकता बढ़ाने पर जोर– छोलदारी में 40 से अधिक किसानों ने फील्ड डे कार्यक्रम में लिया भाग।
- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दक्षिण अंडमान पुलिस ने युवाओं के लिए खेल और जागरुकता गतिविधियां आयोजित कीं।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। यह शिखर सम्मेलन केंद्र और राज्यों को एक मंच पर लाकर जल क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं पर विचार–विमर्श और समयबद्ध कार्य योजनाएं तैयार करने पर केंद्रित है। शिखर सम्मेलन में चार प्रमुख विषयों पर चर्चा की जा रही है। इनमें जल अवसंरचना परियोजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन, जल संचय जनभागीदारी–'कैच द रेन', पेयजल प्रणालियों के जल स्रोतों की स्थिरता और जल जीवन मिशन 2.0 शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए केंद्र और राज्यों के बीच साझा जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है।

<><><><><><>

सरकार ने चीनी व्यापारियों के लिए भंडार रखने की सीमा चार हजार क्विंटल से घटाकर दो हजार क्विंटल कर दी है। यह व्यवस्था इस महीने की 15 तारीख से 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। सरकार के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य चीनी की जमाखोरी पर रोक लगाना, बाजार में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना और कीमतों में स्थिरता बनाए रखना है। संशोधित नियमों के तहत कोई भी व्यापारी एक समय में दो हजार क्विंटल से अधिक चीनी का भंडार नहीं रख सकेगा। साथ ही, खरीदी गई चीनी को प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों से अधिक समय तक भंडारित नहीं किया जा सकेगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और अनावश्यक रूप से सोना खरीदने से बचने की अपील की है। उन्होंने विदेशों में छुट्टियां मनाने और शादी–ब्याह करने से भी बचने का आह्वान किया है। एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति को और मजबूत करने के लिए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने देश की 7 दशमलव 8 प्रतिशत आर्थिक विकास दर हासिल करने पर लोगों को बधाई भी दी। श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं, युद्ध और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं के बावजूद भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने युवाओं की मेहनत और देश की प्रगति में उनके योगदान की सराहना की।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में कल राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए परिचयात्मक सह–नामांकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम व्याख्यान दीर्घा में आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य छात्रों को एन एस एस के उद्देश्यों, मूल्यों, गतिविधियों और जिम्मेदारियों से परिचित कराना था। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता के महत्व और छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी तथा सेवा भावना विकसित करने में एन एस एस की भूमिका पर प्रकाश डाला। एन एस एस समन्वयक निधि शेखावत ने कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयं सेवकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को एन एस एस की योजनाओं और वार्षिक गतिविधि कैलेंडर की जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वय एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी नितिन कुमार सिंह ने किया। इसमें प्रथम वर्ष के छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान के कृषि विभाग के सहयोग से आज छोलदारी स्थित ब्लूम्सडेल रिसर्च फार्म में फील्ड डे कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय था — अधिक उपज देने वाली धान की किस्मों के प्रदर्शन के माध्यम से धान की उत्पादकता और उत्पादन में वृद्धि। कार्यक्रम के दौरान किसानों को अधिक उपज देने वाली धान की विभिन्न किस्मों, उन्नत उत्पादन तकनीकों और प्राकृतिक खेती के तरीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल और जलवायु–अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने में प्राकृतिक खेती के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम में उत्तर और मध्य अंडमान के चालीस से अधिक किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस और नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दक्षिण अंडमान पुलिस ने युवाओं में स्वस्थ और नशा मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए जिले भर में खेल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों, स्थानीय युवाओं और सामुदायिक टीमों के बीच वॉलीबॉल और फुटबॉल मैच कराए गए। इसके साथ ही जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें युवाओं को नशे से दूर रखने में खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया गया। दक्षिण अंडमान पुलिस ने नागरिकों से नशीले पदार्थों से जुड़ी किसी भी जानकारी की सूचना मानस हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन या व्हाट्सऐप नंबर पर देने की अपील की है।

<><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कॉलेज स्तर पर रेड रन मैराथॉन 2026 का आयोजन किया गया। मैराथॉन का उद्देश्य छात्रों में एच आई वी–एड्स की रोकथाम, सुरक्षा और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर अंडमान एवं निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रता साहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर मैराथॉन को रवाना किया। अपने संबोधन में डॉ. साहा ने एच आई वी–एड्स के प्रति जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता फैलाने और सुरक्षित तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

<><><><><><>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी सहित पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बम्बूफ्लाट निवासी के. बालाकृष्णन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। के. बालाकृष्णन का 31 अगस्त को जी. बी. पंत अस्पताल में निधन हो गया। वे पचपन वर्ष के थे। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिवंगत के. बालाकृष्णन के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बी.एड. डिग्री कार्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए दूसरे चरण की परामर्श 7 सितंबर को होगी। परामर्श सुबह साढ़े नौ बजे महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। प्रवेश लेने के इच्छुक सभी पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने की सलाह दी गई है। चयनित उम्मीदवारों को प्रवेश के दिन अपने मूल प्रमाण–पत्र, उनकी प्रतियां और निर्धारित शुल्क साथ लाना होगा।

<><><><><><>

जोड़ा कलान स्थित राधाकृष्ण मंदिर में श्री श्री हरिनाम सेवा संघ की ओर से 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव शाम साढ़े पांच बजे से रात 12 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर फैंसी ड्रेस, नृत्य, भागवत कथा, धार्मिक गीत और भगवान कृष्ण से संबंधित भजन–कीर्तन सहित विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आयोजकों ने आम नागरिकों से महोत्सव में शामिल होने की अपील की है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति समिति सदस्य से मोबाइल नंबर 9679–588–799 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>